	BURARI PUBLIC SCHOOL **A venture with U N I Q U E** **ASSIGEMENT – ४ (२०२४-२५)** **कक्षा- छठी** **विषय- हिंदी**

नाम...................................... अनुक्रमांक................. शिक्षक हस्ताक्षर............................

आवश्यक निर्देश :

- **सभी प्रश्नो को ध्यानपूर्वक पढ़िए ।**
- **सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

खंड-(क)

प्रश्न -1 नीचे दिये गए गद्यांश को पढ़ कर दिये गए प्रश्नों के उतर दीजिये। (4)

हमारे देश के त्योहार चाहे धार्मिक दृष्टि से मनाए जा रहे हैं, या नए वर्ष के आगमन के रूप में; फसल की कटाई एवं खलिहानों के भरने की खुशी में हो या महापुरुषों की याद में; सभी अपनी विशेषताओं एवं क्षेत्रीय प्रभाव से युक्त होने के साथ ही देश की राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक एकता और अखंडता को मज़बूती प्रदान करते हैं। ये त्योहार जहाँ जनमानस में उल्लास, उमंग एवं खुशहाली भर देते हैं, वहीं हमारे अंदर देश-भक्ति एवं गौरव की भावना के साथ-साथ, विश्व-बंधुत्व एवं समन्वय की भावना भी बढ़ाते हैं। इनके द्वारा महापुरुषों के उपदेश हमें बार-बार इस बात की याद दिलाते हैं कि सद्विचार एवं सद्भावना द्वारा ही हम प्रगति की ओर बढ़ सकते हैं। इन त्योहारों के माध्यम से हमें यह भी शिक्षा मिलती है कि वास्तव में धर्मों का मूल लक्ष्य एक है, केवल उस लक्ष्य तक पहुँचने के तरीके अलग-अलग हैं।

1. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।
2. त्योहारों से मनुष्य को क्या शिक्षा मिलती है ?
3. हमारे देश में त्योहार मनाने के मुख्य आधार क्या हैं ?
4. त्योहारों का हमारे जीवन में क्या महत्त्व है ?

प्रश्न 2. सही विकल्प पर (√) का निशान लगाये - (2)

(क) पेड़ किसका मधुर खजाना हम पर लुटाते है ?
(i) ऑक्सीज़न [ ] (ii) गहनों का [ ] (iii) साहस का [ ]

(ख) पांडवो के पुरोहित कौन थे ?
(i) द्रोणाचार्य [ ] (ii) श्रीकृष्ण [ ] (iii) महर्षि धौम्य [ ]

(ग) अध्यापक के नाम पत्र किसके द्वारा लिखा गया है ?
(i) राष्ट्रपति [ ] (ii) अध्यापक [ ] (iii) अब्राहम लिंकन [ ]

(घ) मृदुभाषियों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए ?
(i) सख़्त [ ] (ii) मृदुता का [ ] (iii) गुस्से वाला [ ]

प्रश्न 3. **निर्देशानुसार प्रश्न के उत्तर दो -** (4)

(क) दिये गये शब्दो के लिए दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो -

(i) गुरु = ... , ...

(ii) शिष्य = ... , ...

(ख) वाक्यांशों का वाक्यों मे प्रयोग कीजिये -

(i) ईमानदार (ii) इंसानियत

(ग) दिये गए शब्दों के अर्थ लिखिए -

(i) पर्णकुटी (ii) तपिश

(घ) दिये गए शब्दों वर्ण-विच्छेद कीजिए -

(i) उपकारी (ii) पूजनीय

प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों मे से दो के उत्तर दीजिए - **(2)**

(क) लिंकन ने अपने बेटे के विषय मे की विचार किया ?

(ख) आरुणि ने गुरुदेव से हाथ जोड़कर क्या कहा **?**

(ग) कवि ने पेड़ों को साहसी और सहनशील क्यों कहा है **?**

<u>खंड-(ख)</u>

प्रश्न 5. इन चिह्नों का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाए - **(2)**

(क) योजक चिह्न (–) ....

(ख) पूर्णविराम (|) ....

(ग) विस्मयादिबोधक (!) ....

(घ) कोष्ठक चिह्न ( ) ....

प्रश्न 6. दिये गए किसी एक विषय पर संवाद लिखिए - **(2)**

योग के बढ़ते चलन को लेकर दो मित्रों के बीच संवाद लिखिए **|**

या

दुकानदार और ग्राहक के बीच संवाद लिखिए |

प्रश्न 7. नीचे दिए वाक्यों में लगे विराम-चिह्न पहचानकर उनके नाम लिखिए । **(2)**

(क) हमारे घर पर साधुओं ने खाना खाया ऑ ....

(ख) मेरे पास घड़ी**,** चाबी**,** पेन**,** कागज़**,** और बैग ही था ऑ ....

(ग) "मैं तुम्हारा कहना ही तो मानती थी **|"** अनुजा ने कहा **|** ....

(घ) लघु प्रश्नों के उत्तर (कम से कम शब्दों में) दो **|** ....

प्रश्न 8. मित्र को पुरस्कार मिलने की खुशी में बधाई संदेश देते हुए एक पत्र लिखिए |(2)